ADT/2025/4039-40
Dated: 12.08.2025

<u>प्रैस नोट</u>

<u>सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा एक माह की अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम – "समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर" हेतु आवेदन आमंत्रण</u>

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह–निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि माननीय कुलपति प्रो. बलदेव राज कंबोज ने संस्थान को 40 उम्मीदवारों के लिए एक माह अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे और मझोले किसान, बेरोजगार युवा एवं अन्य इच्छुक प्रतिभागियों को *"समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता विकास के अवसर"* विषय पर प्रशिक्षण देकर उनका कौशल विकास कराना और उन्हें स्वावलंबी बनाना है।

प्रो. कंबोज ने कहा कि *नई शिक्षा नीति 2020* के अंतर्गत भी इस प्रकार के कैप्सूल फॉर्म मे प्शिक्षणों को आयोजित कने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

इस प्रशिक्षण मे समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न घटकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। देश और प्रदेश के किसी भी वर्ग एवं आयु के इच्छुक महिला या पुरुष इसमें भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा और कार्यक्रम में पूरी अवधि तक उपस्थित रहकर सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को समेकित कृषि प्रणाली से संबंधित इकाइयों का स्थल भ्रमण भी कराया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 25 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं उसके उपरांत उम्मीदवारों का चयन करके यथाशीघ्र ही इसका आयोजन किया जाएगा। आवेदन फार्म संस्थान के कार्यालय (गेट नंबर 3, लूदास रोड, हिसार) से सुबह 9:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक प्राप्त करके और भर कर जमा कराए जा सकते हैं।

आवेदन के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता एवं आयु संबंधी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

यदि किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का छात्र या इंटर्न इसमें भाग लेना चाहता है, तो उसे अपने संस्थान के डीन, प्राचार्य इत्यादि से अनुमति पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। इस पत्र में यह प्रमाणित होना चाहिए कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान उम्मीदवार की नियमित पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आएगी और उसे इसमें भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।

दिनाँक : 12.08.2025

डॉ. ए. के. गोदारा
सह: निदेशक (प्रशिक्षण)
एस.एन.आई.ए.टी.टी.ई., हिसार

प्रतिलिपि :

1 विस्तार शिक्षा निदेशक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
2 मीडिया सलाहकार, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार